संख्या- 104/2024/1767/छप्पन-2024-31/2016(Stage-2)

प्रेषक,

अभिनव कुमार चौरसिया,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 18 दिसम्बर, 2024

विषय: नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विस्तारीकरण (स्टेज-2/फेज-1) के लिए अधिग्रहीत भूमि के अधिग्रहण के कारण विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्व्यवस्थापन हेतु स्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि के सापेक्ष अनुमानित प्रतिकर की धनराशि उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 215/ना0उ0नि0-2024-ए0एफ0-116/2016 दिनांक 07 नवम्बर, 2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के पत्र संख्या 3750/आठ/अ0जि0अ0(भू0अ0)/नौ0अ0ए0जे0/गौतमबुद्धनगर दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 के क्रम में नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विस्तारीकरण (स्टेज-2/फेज-1) के लिए अधिग्रहीत की गयी भूमि के कारण विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्व्यवस्थापन हेतु स्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि 189.7622 है0 के सापेक्ष अनुमानित प्रतिकर की धनराशि रू0 6,16,17,19,006/- (रूपए छः अरब सोलह करोड़ सत्रह लाख उन्नी स हजार छः मात्र) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त धनराशि में से NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.5% के अनुसार धनराशि रू0 2,31,06,44,627/- (रूपए दो अरब इकतीस करोड़ छः लाख चौवालीस हजार छः सौ सत्ताइस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ सम्पूर्ण धनराशि अर्थात् रू0 2,31,06,44,627/- (रूपए दो अरब इकतीस करोड़ छः लाख चौवालीस हजार छः सौ सत्ताइस मात्र) के व्यय की अनुमति सहित कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान करने तथा स्वीकृति उपरान्त बजट एलाटमेन्ट सिस्टम के माध्यम से बजट भी आवंटित करने का अनुरोध शासन से किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विस्तारीकरण (स्टेज-2/फेज-1) के लिए अधिग्रहीत की गयी भूमि के कारण विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्व्यवस्थापन हेतु स्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि 189.7622 है0 के सापेक्ष अनुमानित प्रतिकर की धनराशि रू0 6,16,17,19,006/- (रूपए छः अरब सोलह करोड़ सत्रह लाख उन्नीस हजार छः मात्र) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए उक्त धनराशि में से NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.5% के अनुसार धनराशि रू0 2,31,06,44,627/- (रूपए दो अरब इकतीस करोड़ छः लाख चौवालीस हजार छः सौ सत्ताइस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ सम्पूर्ण धनराशि अर्थात् रू0 2,31,06,44,627/- (रूपए दो अरब इकतीस करोड़ छः लाख चौवालीस हजार छः सौ सत्ताइस मात्र) को वित्तीय वर्ष 2024-2025 में व्यय की अनुमति सहित कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य कराया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, नागरिक उड्डयन की होगी।

(3) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

(4) बजट प्रावधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जाएगा।

(6) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(8) निदेशक, नागरिक उड्डयन NIAL में राज्य सरकार एवं प्राधिकरणों की अंश धारिता के अनुसार यह सुनिश्चित कर लेंगे कि सम्बन्धित प्राधिकरणों द्वारा उनके लिए निर्धारित अंश सुसंगत वित्तीय वर्षों में उपलब्ध करा दिया गया है।

(9) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विस्तारीकरण (स्टेज-2/फेज-1) के लिए अधिग्रहीत की गयी भूमि के कारण विस्थापित कुटुम्बों के पुनर्व्यवस्थापन हेतु स्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि 189.7622 है0 के सापेक्ष अनुमानित प्रतिकर की धनराशि रू0 6,16,17,19,006/- (रूपए छः अरब सोलह करोड़ सत्रह लाख उन्नीस हजार छः मात्र) में से NIAL के शेष अंशधारकों यथा- नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भी अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर को उपलब्ध कराई जाएगी।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 2,31,06,44,627/- (रूपए दो अरब इकतीस करोड़ छः लाख चौवालीस हजार छः सौ सत्ताइस मात्र) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा तत्काल आवंटित कर कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निर्वतन पर रखी जाएगी। कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर द्वारा यथा आवश्यकता समय-समय पर सम्बन्धित पक्षों को नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

4- उक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-38 के अधीन पूंजी लेखा लेखा शीर्ष ''5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-21-जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना-60-भूमि क्रय'' से वहन की जाएगी।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या: E-7-196-X-2024-25 दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- 104/2024/1767(1)/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

3- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे सन्दर्भगत प्रकरण में वांछित धनराशि रू0 6,16,17,19,006/- (रूपए छः अरब सोलह करोड़ सत्रह लाख उन्नीस हजार छः मात्र) में से NIAL में अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4- आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

5- जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ मुख्य कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

7- कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमबुद्धनगर।

8- विशेष कार्याधिकारी (श्री शैलेन्द्र कुमार भाटिया), नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0/नोडल अधिकारी, जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर।

9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/राजस्व अनुभाग-13.

10- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।